फा.सं. मु.- भ.मु.015/1/2024-भर्ती मु.

सूचना

दिनांक 19.02.2024 की महत्वपूर्ण सूचना का संदर्भ लें, जिसके माध्यम से यह सूचित किया गया था कि आयोग की नई वेबसाइट (https://ssc.gov.in/) दिनांक 17.02.2024 से अस्तित्व में आ गई है। यह भी सूचित किया गया था कि मौजूदा वेबसाइट (https://ssc.nic.in/) भी उपलब्ध रहेगी।

2. सभी अभ्यर्थयों को सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं की विज्ञप्तियां अब केवल नई वेबसाइट पर ही प्रकाशित की जाएंगी। तदनुसार, इन विज्ञप्तियों के प्रत्युत्तर में किए गए आवेदन भी नई वेबसाइट पर ही स्वीकार किए जाएंगे। सभी अभ्यर्थी, जो इन विज्ञप्तियों के प्रत्युत्तर में आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें नई वेबसाइट पर अपना एकबारगी पंजीकरण (ओटीआर) करना होगा क्योंकि पुराना ओटीआर नई वेबसाइट के लिए काम नहीं करेगा। ओटीआर के बाद, अभ्यर्थी उन परीक्षाओं के लिए आवेदन भरने हेतु आगे बढ़ सकते हैं, जिनके लिए वे आवेदन करना चाहते हैं। नई वेबसाइट पर ओटीआर बनने के बाद, यह नई वेबसाइट पर आवेदन करने हेतु सभी परीक्षाओं के लिए वैध रहेगा।

3. यह स्पष्ट किया जाता है कि पुरानी वेबसाइट पर अभ्यर्थियों द्वारा पहले बनाए गए ओटीआर, यदि आवश्यक हो, विभिन्न कार्यों के लिए पुरानी वेबसाइट पर संपर्क हेतु वैध बना रहेगा। तथापि, वह ओटीआर नई वेबसाइट के लिए काम नहीं करेगा और अभ्यर्थियों को नई वेबसाइट पर एक नया ओटीआर तैयार करना होगा।

4. एप्लिकेशन मॉड्यूल, जिसका उपयोग नई वेबसाइट पर प्रकाशित होने वाली विज्ञप्ति में किया जाएगा, उसमें अभ्यर्थियों की तत्काल फोटो (लाइव फोटो) लेने का प्रावधान होगा। यह पहले की व्यवस्थामें एक बदलाव है जिसमें अभ्यर्थियों को पहले से ली गई फोटो अपलोड करनी होती थी। नए एप्लिकेशन मॉड्यूल में, अभ्यर्थियों की लाइव फोटो खींची जाएंगी, जिसके लिए कंप्यूटर/लैपटॉप पर वेबकैम या एंड्रॉइड डिवाइस का उपयोग किया जा सकता है। अभ्यर्थियों को अपनी फोटो लेते समय उचित सावधानी बरतनी चाहिए। निम्नलिखित निर्देशों को विशेष रूप से ध्यान में रखना चाहिए:

क) अच्छी रोशनी और सादी पृष्ठभूमि वाला स्थान चुनें।
ख) फोटो लेने से पहले सुनिश्चित करें कि कैमरा आंखों के स्तर पर है।
ग) अपने आप को सीधे वेबकैम के सामने रखें और सीधे सामने देखें।
घ) अभ्यर्थियों को लाइव फोटो लेते समय टोपी, मास्क या धूप का चश्मा/नज़र का चश्मा नहीं पहनना चाहिए।

अवर सचिव (गो-4)
26.02.2024